# I PUC MID-TERM EXAMINATION, OCT./NOV. - 2024

**SUBJECT : HINDI (03)**

**समय : 3 घंटे** | **कुल अंक : 80**

---

**सूचनाएँ :** 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।

**I अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **10x1=10**

1) कमज़ोरी किसके समान है?
i) धन ii) वीरता iii) मृत्यु iv) जन्म

2) निन्दा का उद्‌गम इसी से होता है ........... ।
i) हीनता और कमज़ोरी ii) टॉनिक iii) मित्रता iv) इज्जत

3) दिल का दौरा और एनज़ाइना आम तौर से कितने वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों में देखे जाते हैं ?
i) 28 ii) 23 iii) 38 iv) 45

4) किसके प्रताप से सब दुःख दर्द मिटते हैं ?
i) दोस्त ii) सद्‌गुरु iii) विद्या iv) धन

5) विष का प्याला किसने भेजा था ?
i) राणा ii) श्रीकृष्ण iii) भक्त iv) राम

6) ठाकुर सरदार सिंह का लड़का कहाँ पढता था ?
i) दिल्ली ii) बेंगलूरु iii) लखनऊ iv) हैदराबाद

7) घर का पुराना नौकर था -
i) मधुआ ii) सन्तू iii) मंगलसेन iv) वीरजी

8) पत्थर तोड़ती नारी के तन का रंग कैसा था ?
i) श्याम ii) लाल iii) नीला iv) पीला

9) कवि बच्चन जी ने क्या लुटाया ?
i) कपड़े ii) अनाज iii) प्रेम iv) कोष

10) 'प्रतिभा का मूल बिन्दु' कविता के कवि का नाम क्या है ?
i) डा. हरिवंशराय बच्चन ii) डॉ. प्रभाकर माचवे iii) सुभद्राकुमारी चौहान iv) मैथिलीशरण गुप्त

**आ. कोष्टक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए :** **5x1=5**
**(से, की, के लिए, के, पर)**

11) i) बिन्दा ...............समस्या का समाधान न हो सका ।
ii) उसके घर जाने .............. माँ ने मुझे रोक दिया था ।
iii) चूल्हें ........... चढ़ाया दूध उफना जा रहा था ।
iv) उस समय एक अछूत ........... यह बहुत अनोखी बात थी ।
v) पास ......... डाक्टर को बुला भेजें ।

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **5x1= 5**

| | |
|---|---|
| 12) i) पिंड छुडाना | लज्जा से झुक जाना । |
| ii) सिर झुकाना | मूर्ख बनाना । |
| iii) तिलमिला उठना | क्रोध को दबाकर बैठ जाना । |
| iv) उल्लू बनाना | पीछा छुड़ाना । |
| v) खून की घूँट पीकर रह जाना | बौखला जाना । |

**II अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2x3=6**

13) लालबिहारी आनंदी पर क्यों बिगड़ पड़ा ?

14) महादेवी वर्मा को पंडिताइन चाची का कौन-सा रूप आकर्षित करता था?

15) पत्नी की मृत्यु का डॉ. अंबेडकर पर क्या प्रभाव पड़ा ?

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **2x3=6**

16) 'उठो, जागो और तब तक रुको नहीं, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।'

17) 'कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं।'

18) 'तुम नयी अम्मा को पुरानी अम्मा क्यों नहीं कहती, फिर वे न नयी रहेंगी और न डाँटेंगी।'

19) 'पर तुमने आजकल घर में यह क्या उपद्रव मचा रखा है ?

**III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2x3=6**

20) दया और धर्म के महत्व का वर्णन कीजिए।

21) सीताजी कुटिया में कैसे सुखी हैं ?

22) 'उल्लास' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए।

23) कवि प्रतिभा का मूल कहाँ-कहाँ ढूँढ़ते हैं ?

**आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2x4= 8**

24) जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिये ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान॥

**अथवा**

काम, क्रोध, मद, लोभकी, जौ लौं मन में खान।
तौं लौ पंडित मूरखौ, तुलसी एक समान॥

25) कहता है कौन कि भाग्य ठगा है मेरा ?
वह सुना हुआ भय दूर भगा है मेरा।
कुछ करने में अब हाथ लगा है मेरा,
वन में ही तो गार्हस्थ्य जगा है मेरा।

**अथवा**

मैं हूँ प्रेममयी, जग दिखता
मुझे प्रेम का पारावार।
भरा प्रेम से मेरा जीवन,
लुटा रहा है निर्मल प्यार।

**IV निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3x3=9**

26) शराबी एक रुपये से क्या खरीदना चाहता था और बाद में क्या खरीद लिया ?

27) मधुआ पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

28) श्मशान ने आह भरकर पहाडी से क्या कहा ?

29) युवक अपनी तीसरी पत्नी की मृत्यु के उपरांत उसे सबसे अधिक गुणी क्यों समझता है?

30) समधियों के घर मंगलसेन की आवभगत कैसे हुई ?

31) चम्मच खो जाने पर वीरजी की क्या प्रतिक्रिया हुई?

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** **2x1=2**

32) गत रात्रि के उस निन्दक मित्र के प्रति मैल नहीं रही। वे दोनों एक हो गया।

**आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **2x1=2**

33) i) सूखी लकड़ी जल्दी से जल उठती है । **(भविष्यत्काल में बदलिए)**

ii) मनुष्य सभ्यता का निर्माण करेगा । **(भूतकाल में बदलिए)**

**इ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** **2x1=2**

34) i) ठाकुर ii) गाय

**ई) अन्य वचन रूप लिखिए :** **2x1=2**

35) i) कथाएँ ii) उँगली

**उ) समानार्थक शब्द लिखिए :** **2x1=2**

36) i) पहाड़ ii) नदी

**VI अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **5 x1= 5**

37) संसार का प्रत्येक धर्म, दया और करुणा का पाठ पढाता है । हर धर्म सिखाता है कि जीव पर दया-भाव रखो और कष्ट में फंसे इन्सान की सहायता करो । परोपकार की भावना ही सबसे बड़ी मनुष्यता है । परोपकार की भावना रखनेवाला न तो अपने-पराये का भेदभाव रखता है और न ही अपनी हानि की परवाह करता है । दयावान किसी को कष्ट में देखकर चुपचाप नहीं बैठ सकता । उसकी आत्मा उसे दुःखी मनुष्य या प्राणी के लिए कुछ करने को मजबूर करती है । अगर कोई किसी पर अत्याचार करे या बेकसूर को यातना दे, तो हमारा कर्तव्य बनता है कि हम बेकसूर को सहारा बनें । न्याय व धर्म की रक्षा करना सदा से धर्म है । दया-भाव विहीन मनुष्य भी पशु समान ही होता है । जो दूसरों की रक्षा करते हैं, वे इस सृष्टि को चलाने में भगवान की सहायता करते हैं । धर्म का मर्म ही दया है । दया-भाव से ही धर्म का दीपक सदा प्रज्वलित रहता है । https://www.karnatakaboard.com

**प्रश्न :**

i) संसार का हर धर्म किसका पाठ पढाता है ?

ii) सबसे बड़ी मनुष्यता क्या है ?

iii) सृष्टि को चलाने में भगवान की सहायता कौन करते हैं ?

iv) दयावान शब्द से मूल शब्द और प्रत्यय को अलग करके लिखिए ।

v) उपर्युक्त अनुच्छेद को एक उचित शीर्षक दीजिए ।

**आ) पत्र लेखन :** **1x5=5**

38) महेश छात्रवास में रहकर पढाई कर रहा है और उसका परीक्षा-परिणाम जानकर पिताजी बहुत दुःखी है । इसका प्रमुख कारण है, आलस्य और शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहना । कहा जाता है कि मनुष्यों के शरीर में रहनेवाला आलस्य ही (उनका) सबसे बड़ा शत्रु होता है । मान लीजिए कि आप रमेश है और अपने छोटे भाई महेश को पढ़ाई के बारे में समझाते हुए एक पत्र लिखिए ।

**इ) 39) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **5x1= 5**

i) ಕಠಿಣ ಪರಿಶ್ರಮವಿಲ್ಲದೇ ಸಫಲತೆಯು ಸಿಗಲಾರದು. There is no success without hardwork.

ii) ನಾವು ಬೇಗ ಎದ್ದರೆ ಸೂರ್ಯೋದಯವನ್ನು ನೋಡಬಹುದು. If we get up early, we can see sunrise.

iii) ನಿಮ್ಮ ತಂದೆ-ತಾಯಿಯವರಿಗೆ ನನ್ನ ಪ್ರಣಾಮಗಳನ್ನು ತಿಳಿಸು. Give my regards to your parents.

iv) ಐಕ್ಯತೆಯೇ ನಮ್ಮ ಶಕ್ತಿ. Unity is our strength.

v) ಭಾಷೆಯು ಸರಳವಾಗಿ ಅರ್ಥವಾಗುವಂತೆ ಇರಬೇಕು. Language should be simple and easy to understand.

*****